हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 सड़क का निर्माण पूर्ण लेकिन नाली निर्माण अधूरा, सड़क पर जमा हो रहा गंदा पानी



# जून में नहीं बुझी धरती की प्यास, सामान्य से 151 मिमी कम वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस साल भी जून के महीने में काफी कम वर्षा होने के कारण धरती की प्यास नहीं बुझ पाई है। जून के महीने में सरगुजा में 223.0 मिमी सामान्य वर्षा होती है जबकि इस बार अभी तक मात्र 72.2 मिमी तथा संभाग मुख्यालय अम्बिकपुर में 115 मिमी वर्षा हुई है।

इस बार निर्धारित समय के पूर्व ही मानसून ने केरल एवं छत्तीसगढ़ में दस्तक दी थी लेकिन विपरीत स्थितियां निर्मित होने के कारण मानसून 10 दिनों तक उत्तर छत्तीसगढ़ में अटका रहा। अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने पर मानसून अग्रसर हुआ तथा 8 दिन विलम्ब से 23 नवम्बर को सरगुजा पहुंचा। मानसून चुपके-चुपके पहुंचा एवं सरगुजा में छाने के बाद आगे की यात्रा पर निकल गया। बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद पिछले दो दिनों से शहर सहित पूरे संभाग में अच्छी वर्षा हो रही है। पिछले साल भी मानसून काफी विलंब से सरगुजा पहुंचा था। मानसून के 23 जून को दस्तक देने के बाद जून के अंत तक कुल 136.6 मिमी औसत वर्षा हुई थी। इस बार बलरामपुर जिले को छोड़ दें तो सरगुजा संभाग के सभी पांच जिलों में सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। पिछले साल मानसून पूर्व की वर्षा नहीं हुई थी जिसके कारण खरीफ खेती की तैयारियां जुलाई महीने में शुरू हुई थी। इस बार मई में मानसून पूर्व की अच्छी वर्षा होने के कारण खेती की तैयारियां जोरों पर है तथा किसान अब अपने खेतों में धान का बीड़ा लगाना शुरू कर दिए हैं। बलरामपुर जिले में जून की वर्षा का कोटा लगभग पूरा हो गया है तथा अब तक 99 फीसदी वर्षा हो चुकी है। बलरामपुर में 30 जून तक 138.6 मिमी सामान्य वर्षा होती है तथा अभी तक 136.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। इसके विपरीत 30 जून तक सरगुजा में सामान्य वर्षा 223 मिमी की जगह 72.2 मिमी हुई है जो सामान्य से 68 फीसदी कम है। इसी तरह जशपुर में सामान्य से 71 फीसदी, सूरजपुर में 48 फीसदी, कोरिया में 28 फीसदी एवं एससीबी में 55 फीसदी कम वर्षा हुई है।

हालांकि मौसम विज्ञानी बंगाल की खाड़ी में वर्षा की अनुकूल स्थितियां निर्मित होने एवं जुलाई में वर्षा की कमी पूरी होने की उम्मीद व्यक्त कर रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले दो दिनों में 60.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है।

## पिछले दो दिनों में हुई 60.1 मिमी वर्षा, खेती की तैयारियों में जुटे किसान

### मानसून पूर्व की वर्षा बनी संजीवनी

पिछले साल की तरह ही मानसून के विलंब से पहुंचने के कारण जून में काफी कम वर्षा हुई। पिछले साल मानसून पूर्व की वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ खेती की तैयारियां काफी विलम्ब से शुरू हुई थी। इस बार मानसून पूर्व की गतिविधियों से किसानों को काफी राहत मिली है। मानसून पूर्व की गतिविधियां मई महीने में ही शुरू हो गई थी। इस दौरान संभाग मुख्यालय में तो कम वर्षा हुई लेकिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई है। मानसून पूर्व की वर्षा खरीफ खेती के लिए संजीवनी साबित हुई है। अधिकांश किसान अब अपने खेतों में धान का बीड़ा लगा रहे हैं।

### तीन दिनों से लगी है झड़ी

बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के कारण पिछले तीन-दिनों से बारिश की झड़ी लगी है। तथा पूरे सरगुजा संभाग में वर्षा हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले तीन दिनों में 17.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। इस दौरान सामरी तहसील में 174.0 मिमी, राजपुर में 70 मिमी, बलरामपुर में 88.7 मिमी, सूरजपुर में 32.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।


KILLER SALE UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183


## राशि राजसात करने के बाद भी काम अधूरा

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम फिर से ठंडे बस्ते में, टेंडर के बाद 700 का नहीं हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ 1021 भवनों के लिए जारी की गई थी निविदा

भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण को लेकर नगर निगम गंभीर नजर नहीं आ रहा है। शायद यही वजह है कि टेंडर लेने के बाद भी ठेकेदार काम नहीं कर रहे है। एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम नहीं हुआ और लगभग 700 भवनों के काम अधूरे पड़े हुए है। इसके साथ ही भवन निर्माण करने वालों से भी निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर सख्ती नहीं कर पा रहा है।

बता दें कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगातार जलस्तर में गिरावट हो रही है। गिरते जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा भूमिगत जल को रिचार्ज करने भवन निर्माण के दौरान ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने की योजना बनाई गई है और निकायों द्वारा निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा देते समय ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराने का प्रावधान किया गया है और इसके लिए निर्धारित राशि जमा कराई जाती है। भवन निर्माण के साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कर लोग जमा की गई अमानत राशि वापस ले सकते है लेकिन शहर में बड़ी संख्या में भवनों के निर्माण के बाद भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नही कराया जाता है और ऐसे ही निजी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए निगम द्वारा राशि समय समय पर राजसात की जाती है और टेंडर के माध्यम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जाता है लेकिन हैरानी की बात यह है कि निगम द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए राशि राजसात कर टेंडर भी जारी कर दिया गया लेकिन इनका निर्माण नही हो पाया। ठेकेदार भी अनुबंध के बाद समय पर निर्माण कार्य पूर्ण नही कर पाए। बड़ी बात तो यह है कि साल बीत जाने के बाद भी टेंडर लेकर कार्य करने वाले ठेकेदारों पर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई।



### सिर्फ 300 घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग

बताया जा रहा है कि नगर निगम द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लगभग 3000 हजार भवनों से राशि जमा कराई गई। राशि जमा होने के बाद सर्वे में पाया गया कि 1194 लोगों ने स्वयं से रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम पूर्ण करा लिया। शेष बचे 1806 भवनों 1021 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा टेंडर किया गया लेकिन इनमें से महज 300 भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से हो पाया। अभी भी 721 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम ठेकेदार नहीं कर पाए है। बड़ी बात यह है कि यह आंकड़ा विगत वर्ष जारी किए गए टेंडर से संबंधित है जबकि इस बीच एक वर्ष में सैकड़ों की संख्या में भवन निर्माण की अनुमति नगर निगम द्वारा प्रदान की गई है और उन भवनों में इस नियम का कितना पालन हुआ यह स्पष्ट नहीं है।

### क्या है नियम

बताया जा रहा है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग का नियम 150 वर्ग मीटर के आवासीय भवन से लागू होता है। आवासीय भवन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु 15 हजार रुपए की राशि जमा कराई जाती है। इसके साथ ही व्यावसायिक भवनों में जमा कराए जाने वाली राशि अधिकतम 10 लाख रुपए तक होती है। व्यावसायिक भवन के लिए 110 रुपए रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से राशि जमा कराई जाती है।

### इस तरह की समस्या आ रही सामने

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण में लेटलतीफी को लेकर जो समस्या सामने आ रही है वह यह है कि इनका निर्माण अलग अलग हिस्सों में होना है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए टेंडर जोन वार हुए है लेकिन हर मकान में निर्माण के लिए उन्हें अलग अलग स्थानों पर निर्माण सामग्री एकत्रित करनी पड़ रही है जिससे उनके सामने समस्या आ रही हैं। इसके साथ ही भवन शाखा भवन निर्माण के लिए अनुमति खसरा नंबर के हिसाब से जारी करती है जबकि टेंडर वार्डवार होते है। ऐसे में ठेकेदार को भी घरों को खोजने में दिक्कत हो रही है। एक ठेकेदार नगर निगम कार्यालय जाकर एक बार में 10 से 15 भवनों का पता नोट कर जाता है और उसके बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करता है। इस लिए नगर निगम को भी अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना होगा ताकि ठेकेदार काम कर सके।

### की जाती है समीक्षा

रेनवाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की समीक्षा समय समय पर की जाती है। निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जो भी दिक्कत आएगी उसका निराकरण किया जाएगा।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# जेवर दुकान से डेढ़ लाख के हार की ठगी करने वाले बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा, सोने का हार भी बरामद







जेवर दुकान में डेढ़ लाख रुपए का हार खरीदने के बाद नकली चेन पकड़ाकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बिहार के भोजपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए का हार भी बरामद कर लिया है। बता दें कि मायापुर पंचदेव मंदिर रोड निवासी राज सोनी की सदर रोड में जगदम्बा आभूषण के नाम से दुकान संचालित है। 20 जून को व्यवसायी के दुकान में दो व्यक्ति सोने का हार खरीदने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने 17.860 ग्राम का सोने का हार पसंद किया और उसके बदले में अपने गले में पहने हुए 22.400 ग्राम के हार को दिया। आरोपियों ने व्यवसायी को बताया था कि वो इस हार को गलाए नहीं क्यों कि दो दिन में वो पूरे 1 लाख 46 हजार 63 रुपए देकर अपने हार को भी वापस ले जाएंगे। दो दिन बाद जब युवक नहीं पहुंचे तो व्यवसायी ने आशंका पर सोने का एक टुकड़ा गलाया तो वह नकली निकला। इस मामले की शिकायत व्यवसायी ने पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनिकी जानकारियों के आधार पर बिहार भोजपुर के शाहपुर सोनकी निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथी प्रदीप कुमार गुप्ता व अभिलेश सिंह के साथ मिलकर कार क्रमांक बीआर 01 एचएल 7480 से जगदम्बा आभूषण जाकर सोने का हार ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में बिहार भोजपुर के शाहपुर मनाही निवासी 36 वर्षीय प्रदीप कुमार गुप्ता, 36 वर्षीय अभिलेश सिंह को हिरासत में लेकर उनसे घटना में प्रयुक्त कार व 17.860 ग्राम का सोने का हार बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों को धारा 419, 420, 34 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि कृष्ण कुमार यादव, मनोज सिंह, अनिल पाण्डेय, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, आरक्षक मनीष सिंह, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, अनिल राजवाड़े, लालभुवन सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### आर्यव ने 75 घंटे स्केटिंग कर बनाया गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड



**अम्बिकापुर।** शहर के आर्यव पांडेय ने अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने में सफलता हासिल की है। आर्यव ने 150 बच्चों के साथ लगातार 75 घंटे स्केटिंग करके यह रिकॉर्ड बनाया है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक के बेलगाम में 26 से 31 मई तक शिवगंगा स्केटिंग क्लब में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्केटिंग प्रतियोगिता में देशभर के 150 बच्चे शामिल हुए और लगातार 75 घंटे तक स्केटिंग करने का नया रिकार्ड बनाया। बच्चों का यह कारनामा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से भी 6 बच्चों ने हिस्सा लिया जबकि सरगुजा से इस प्रतियोगिता में आर्यव पांडेय शामिल हुए और 75 घंटे स्केटिंग कर वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद सभी को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। शहर के 11 वर्षीय आर्यव पांडेय ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शहर का मान बढ़ाया है आर्यव पांडेय शहर के सहायक उप निरीक्षक बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी अभिषेक पांडेय के पुत्र है।

### बिना अनुमति क्रशर संचालन पर कार्रवाई, बोल्डर व गिट्टी जब्त

**अंबिकापुर।** बिना अनुमति अवैध रूप से संचालित क्रेशर पर जिला प्रशासन व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 10 हाइवा बोल्डर, 3 हविअ गिट्टी को जब्त किया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर के निर्देश पर लुंड्रा के ग्राम चंदेश्वरपुर में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा सोमवार को संयुक्त निरीक्षण किया गया। जहां बिना अनुमति क्रेशर संचालन एवं निम्न श्रेणी चूना पत्थर गिट्टी भंडारण करना पाया गया। मौके पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि क्रेशर संचालन सूरजपुर निवासी संदीप अग्रवाल द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान लगभग 10 हाईवा बोल्डर, 03 हाईवा गिट्टी स्टॉक किया गया है। स्टॉक किए गए खनिज और क्रेशर संचालन के संबंध में मौके पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले में नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई है। मामले में एसडीएम नीरज कौशिक, खनि निरीक्षक विवेक साहू एवं राजस्व तथा खनिज विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई।

## एनएच 343 पर पलटा गिट्टी लोड ट्रेलर



**बलरामपुर।** एनएच 343 पर गिट्टी लोड ट्रेलर के पलटने से आवागमन प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांक बीआर 06 जीजी 2110 बरियों से चिप्स गिट्टी लोड कर बिहार जा रहा था। इस दौरान भोर में एनएच 343 पर सेमरसोत हल्हा पुल के समीप चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रेलर सड़क किनारे पलटा था जिससे छोटे वाहन आसानी से निकल जा रहे थे लेकिन भारी वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा था। सूचना मिलने के बाद आज हाइवे पेट्रोलिंग की ट्रेलर को सड़क से हटाने के साथ ही आवागमन बहाल किया गया। इस दौरान यातायात टीम से अमित मिंज, दिलीप नेताम आदि सक्रिय रहे

# हार्ट अटैक से किसान की मौत, प्रधान आरक्षक पर लगा धमकाने का आरोप

■ अस्पताल पहुंचने से पहले मौत, चिकित्सक ने लिखा नेचुरल डेथ

**अंबिकापुर।** प्रधान आरक्षक की धमकी से डरकर बुजुर्ग किसान को हार्ट अटैक आने और उसकी मौत होने का मामला सामने आया है। जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान महिला प्रधान आरक्षक गांव में मौजूद थी और एक जमीन विवाद के मामले में किसान से पूछताछ कर रही थी। इस घटना के बाद परिजन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए ।घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस की टीम भी मौके पर पहुंची थी और उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। हालांकि इस पूरे मामले में चिकित्सक से पुलिस को क्लीन चिट मिल चुकी है और डॉक्टर ने इसे एक नॉन एमएलसी केस व नेचुरल डेथ बताया है।

ग्राम सुखरी के काला पारा निवासी किसान 65 वर्षीय श्रीराम राजवाड़े और उसकी बहन के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर ही 1 जुलाई को गांधीनगर थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की ग्राम सुखरी पहुंची थी। जब महिला प्रधान आरक्षक श्रीराम राजवाड़े से पूछताछ कर रही थी तो अचानक वे बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। आनन फानन में वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कही जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पीएम नहीं कराया गया था।



### कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

आज इस घटना की जानकारी परिजन द्वारा कांग्रेस को दी गई। सूचना मिलने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम अस्पताल पहुंची थी। कांग्रेस का कहना है कि मृतक श्रीराम राजवाड़े गांव के प्रतिष्ठित किसान, लेम्प्स सदस्य, शाला विकास समिति के अध्यक्ष थे और उनका पारिवारिक जमीन विवाद चल रहा था। इसी मामले में गांधीनगर थाना की महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की गयी थी। आरोप है कि उसने गांव वालों के सामने श्रीराम सुंदर राजवाड़े से कडे लहजे में बात कर अपशब्द कहे और जेल में सड़ा देने की धमकी दी। सार्वजनिक रूप से अपमान से व्यथित राजवाड़े वहीं पर गिर कर बेहोश गए। अस्पताल पहुंचने तक उनकी मौत हो गयी। परिजन की सूचना पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विनय शर्मा बंटी, जिला महामंत्री अरविंद सिंह गप्पू, नुरुल सिद्दकी, शसिलेंद्र सोनी, आशीष वर्मा, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, आतिश शुक्ला सहित कांग्रेजन अस्पताल पहुंचे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने घटना की जांच करा दोषी पुलिसकर्मियों पर कारवाई की मांग की है।उन्होंने दो दिन में जांच पूरी कर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### पहले से बीमार था ग्रामीण

इस मामले में मृतक के घर वालों का बयान लिया गया है। ग्रामीण पहले से ही बीमार था। आज पुलिस अपना काम करने गई थी। चिकित्सक ने भी लिखकर दिया है कि यह नॉन एमएलसी केस है और एक नेचुरल डेथ है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## अतिथियों ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन, गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का किया गया वितरण

# जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही सोमवार को मल्टीपरपज विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नव प्रवेशित बच्चों का पुष्पमाला और तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेष, पाठ्य पुस्तकें, बैग आदि भी प्रदान किया गया। वहीं कक्षा 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि शुरुआती शिक्षा बच्चे के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों का दायित्व है कि नींव को मजबूत करें। वहीं मिडिल कक्षा के शिक्षक उनके रुचि को समझकर लक्ष्य निर्धारण में सहायता करें तथा आगे बढ़ने प्रेरित करें। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि आज हम सब शाला प्रवेश का उत्सव मना रहे हैं, यह बच्चों के नए जीवन की शुरुआत है। सभी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है, शिक्षकों को यह निर्धारित करना होगा कि बच्चों को किस ढंग से पढ़ाएं कैसे आगे बढ़ाएं, ताकि उन्हें आगे ले जा सके। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि हम सभी का एक ही उद्देश्य है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। स्कूली शिक्षा के साथ बच्चों का चरित्र निर्माण भी महत्वपूर्ण है, इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है।




संभागायुक्त जी आर चुरेन्द्र ने कहा कि बच्चों के बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य संवारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए शिक्षक गम्भीरतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करें, समय पर नियमित विद्यालय आएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण हेतु अधिकारी स्वयं समय-समय पर विद्यालयों में जाएं। कार्यक्रम के दौरान आईजी अंकित गर्ग ने 1 जुलाई से लागू हुए नवीन कानून संहिता के बारे में बच्चों व शिक्षकों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले स्वामी आत्मानन्द विद्यालय देवगढ़ के छात्र रोशन राजवाड़े एवं सीबीएसई बोर्ड में कार्मेल स्कूल की अक्षरा वर्मा, 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर के अनुज सोनी एवं सीबीएसई बोर्ड में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के निलय चौधरी को सम्मानित किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लखनपुर की 12वीं की छात्रा सावित्री सिंह को जापान के साकुरा साइंस एक्सचेंज कार्यक्रम में शामिल होकर सरगुजा जिले का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के द्वारा विज्ञान और व्यवसायिक शिक्षण पर आधारित मॉडल लगाए गए। इस दौरान कलेक्टर, एसपी योगेश पटेल, पार्षद आलोक दुबे, अखिलेश सोनी, अनिल सिंह मेजर, डीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद थे।


आसरा महाविद्यालय
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO
Botany, Zoology, Chemistry
B.A
History, Sociology, Political Science
B.C.A
All Compulsory Subjects
D.C.A
All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A
All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :-
Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra, Dist - Surguja (C.G)
7987588781, 9201487773

1 Ambikapur-pg-2_Layout 1 7/1/2024 9:37 PM Page 1





# चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोट्‌र्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।



# नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।



# चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

**मुंबई।** रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।




# 'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

**मुंबई।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे।

टीवी मसाला

# छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।




***'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान :*** जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

***जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह :*** 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

### जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवी', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

# नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।

***संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता :*** आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की ड्रिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।



***फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की :*** फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

***'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज :*** इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी कि किरदार निभाया है।



# आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

**मुंबई।** मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोट्‌र्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोट्‌र्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

### दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

## अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

# सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

***मुंबई।** सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।*

**सुशांत सिंह राजपूत :** अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।



**अंकित गुप्ता :** टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



**प्रियंका चाहर चौधरी :** टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।



**शाहरुख खान :** शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।



## खबर संक्षेप

### लुचकी घाट के फ्लाई ओवर को प्रारम्भ करने की मांग

**अंबिकापुर।** एनएच 43 पर लुचकी घाट पर बने फ्लाईओवर को प्रारम्भ करने की मांग की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने इस संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि फ्लाईओवर का काम पूर्ण हो गया है लेकिन उसे खोला नहीं गया है। ठेका कंपनी और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के लापरवाही से मानसून शुरू होते ही हर रोज जाम लग रहा है। रविवार की रात भी लुचकी घाट पर दो घंटे जाम की स्थिति रही। जाम खुलवाने हेतु एक भी यातायात पुलिसकर्मी या थाना क्षेत्र की पुलिस नहीं थी। इस बरसात में यदि इस फ्लाईओवर को व्यवस्थित ढंग से चालू नहीं किया गया तो समस्या यथावत बने रहने से विकराल स्थिति निर्मित हो जाएगी। वहीं उन्होंने फ्लाई ओवर के सुचारु रूप से प्रारंभ होने तक कीचड़ में तब्दील पुराने मार्ग में पोकलेन सहित अन्य मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। यातायात पुलिस भी मौजूद हो, ताकि परेशान लोगों को तत्काल राहत मिल सके।

### युवक ने शौचालय में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**लखनपुर।** ग्राम पुहपुटरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात्रि हरेंद्र राजवाड़े पिता कृष्ण राजवाड़े (31वर्ष) ने अज्ञात कारणों से अपने घर के बाहर बने शौचालय के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन को रविवार की सुबह 6 बजे घटना की जानकारी मिली। सुबह अंदर से बंद शौचालय का दरवाजा तोड़ा गया तो मृतक का शव मयार से लटका मिला।

### 10वीं की टीसी एवं मार्कशीट के लिए प्राचार्य ने लिए 500 रुपए

**बिहारपुर।** चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली स्थित हाईस्कूल में टीसी एवं अंकसूची के लिए प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से 500 रूपए की गुरु दक्षिणा वसूलने का मामला सामने आया है।

दूरस्थ क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का बुरा हाल है। शासन के सख्त निर्देश के बावजूद संस्था प्रमुख मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शासकीय हाई स्कूल महुली से 10वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने लगभग 15 छात्र-छात्राएं शुक्रवार को टीसी एवं अंक पत्र लेने स्कूल पहुंचे थे। छात्र प्राचार्य से मिलकर कक्षा 11 वीं में प्रवेश लेने के लिए टीसी व अंकपत्र की मांग की। प्राचार्य ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को टीसी एवं अंकपत्र के लिए 500 रूपए गुरु दक्षिणा देने को कहा। उन्होंने गुरु दक्षिणा मिले बिना टीसी व अंकपत्र देने से मना कर दिया। राशि लेकर पहुंचे कुछ छात्रों ने प्राचार्य को गुरु दक्षिणा का भुगतान किया तो उन्हें टीसी एवं अंकपत्र प्रदान किया गया जबकि अन्य छात्र-छात्राएं बैरंग घर चले गए।

### एसपी ने कहा- दण्ड से न्याय की ओर ले जाने वाले हैं नवीन 3 कानून

# नवीन न्याय संहिता लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने का करेगी कार्य : कलेक्टर



नए कानून की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

देश में तीन नए आपराधिक कानून आज से लागू हो गए है जिससे आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव आएंगे। पुलिस द्वारा नए कानून लागू होने के दिवस को जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में भव्यता के साथ मनाया। नवीन कानूनों के लागू होने के पश्चात कानूनों में होने वाले महत्वपूर्ण बदलाव से लोगों को अवगत कराया गया। जिला मुख्यालय के अलावा जिले के सभी थाना-चौकी में नए कानून लागू होने पर भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**खास बात**

- नवीन कानूनों के लागू होने के दिवस को भव्यता के साथ मनाया

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि नवीन न्याय संहिता के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक किसी न किसी प्रकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में कानून से जुड़ा होता है। इसलिए आवश्यक है कि सभी कानून में हुए बदलाव को अध्ययन करें और समझे। उन्होंने कहा कि निश्चित ही नवीन न्याय संहिता से सभी को न्याय मिलेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से पूरे देश में प्रभावी हो गए हैं। तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों आईपीसी, सीआरपीसी व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। लागू हुए तीन कानून दण्ड से न्याय की ओर ले जाने वाला साबित होगा। आज से सभी नयी एफआईआर बीएनएस के तहत दर्ज की जाएंगी। नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एसएमएस के जरिये समन भेजने और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इन कानूनों में कुछ मौजूदा सामाजिक वास्तविकताओं और अपराधों से निपटने का प्रयास होंगे और संविधान में निहित आदर्शों को ध्यान में रखते हुए इनसे प्रभावी रूप से निपटने का एक तंत्र मुहैया कराया गया है। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है। राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। ओवरलैप धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है और भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी। शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम को डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, भाजपा जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिपं सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, राजेश्वर तिवारी, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आनंद सोनी, संस्कार अग्रवाल, रामकृष्ण ओझा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तीन नए कानूनों से लोगों को कराया गया अवगत

**प्रतापपुर।** आज से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर नवीन कानून हेतु प्रतापपुर थाना में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में स्थानीय विधायक शकुंतला सिंह सहित ग्रामीण व आम नागरिकों ने नए कानून व्यवस्था पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह एवं एसडीओपी अरुण नेताम ने विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नए कानून व्यवस्था अंतर्गत कई कानून में संशोधन कर धारा बदली गई है। जिसका आज से परिचालन हो रहा है। साथ ही न्याय हित में तत्काल न्याय सहित कई सुविधाओं के विषय में बताया। इस दौरान अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल, मुकेश तायल, गुलाब तिवारी, दयाशंकर तिवारी, अवधेश पांडे, अंकुर जायसवाल, अशोक जायसवाल, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, आकाश मित्तल, आनंद शुक्ला, एएसआई हरिशंकर तिवारी, त्रिपाठी मुंशी, इंद्रजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### नए कानूनों के संबंध में लोगों को दी गई जानकारी

**भैयाथान।** तीन नवीन आपराधिक कानून लागू होने पर थाना झिलमिली में आज सेमिनार का आयोजन किया गया तथा तीन नए कानून के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी नसीउदीन और चिकित्सा अधिकारी एवं ओड़गी नायब तहसीलदार ने लोगों तीन नए कानून के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर की नए कानून से अवगत कराया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह, राजीव प्रताप सिंह, नूर आलम, नवीन अग्रवाल, प्रकाश दुबे, शांतनु सिंह, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, एपी दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्वामी आत्मानंद के छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

### बदले भारतीय न्याय संहिता से होगी कानूनी कार्रवाई

**दतिमा मोड़।** देश में आज से भारतीय न्याय संहिता कानून लागू हो गए है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के बदले गए। आज से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई होगी। चौकी प्रभारी करंजी अरुण गुप्ता ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में बदलाव हुआ है। हत्या के मामले में धारा 302 के बदले गए है। नए कानून लागू होने से भारतीय दंड संहिता आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम के रूप में तब्दील होगी। आज से पुलिस द्वारा आपराधिक मामलों को आईपीसी के बदले भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज करेगी। इस दौरान सत्यनारायण जायसवाल, रामानन्द जायसवाल, विजय जायसवाल, आयुष जायसवाल, गोलू जायसवाल, महेश राजवाड़े, देवीचरण सिंह, रामलाल काशीपुरी, विकल सिंह, संजय जायसवाल, अमरिका प्रजापति, खुलेलाल, करंजी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता के अलावा एएसआई मनोज द्विवेदी, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, जय प्रकाश कुजूर, राजकुमार सिंह, आरक्षक ज्ञानेंद्र परमार, मितेश मिश्रा, जितेंद्र प्रताप सिंह, लालमन राजवाड़े, दीपक किस्पोट्टा, नारायण पाटले, प्रवीण मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, इजराइल खान, चंदू राजवाड़े, जेम्स कुजूर, रामदेव पैकरा, अनिता राजवाड़े, पूनम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवीन अपराधिक कानून के संबंध में लोगों को दी गई जानकारी

**प्रेमनगर।** थाना परिसर में नवीन अपराधिक कानून के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की ने लोगों को नए कानून के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता शिवनारायण यादव ने नवीन कानून के संबंध में बताया। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह पुजारी, क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह ने नवीन कानून के संबंध में बताया तथा गांव में कम से कम अपराध हो इसके लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान जगमोहन सिंह, वीरेंद्र जायसवाल, अजय, श्याम, शिवनंदन सिंह मरावी, विजय सिरदार, तुलसी यादव, रामनारायण यादव, रमेश अग्रवाल, सुमित दास, शिवनारायण यादव सहित गांव के लोग मौजूद रहे।

### नवीन कानून की जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को दी गई जानकारी



**लखनपुर।** थाना प्रभारी अश्वनी सिंह द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता, भारतीय नागरिक संहिता अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारी, शिक्षक, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि शामिल। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह अरुण गुप्ता के द्वारा सभी को नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया 1 जुलाई से कानून लागू हो चुका है। नए कानून के तहत अब ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा होगी और किसी भी मामला या घटना की रिपोर्ट किसी भी थाने में कर सकते हैं। आरक्षक दशरथ रजवाड़े द्वारा जनप्रतिनिधियों से नगर में सीसी कैमरा, थाने में शेड के निर्माण के लिए मांग की गई जिसपर नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू व पार्षद कृपा शंकर गुप्ता अपने मद से सीसीटीवी व शेड निर्माण के काम का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, कृपा शंकर गुप्ता, दिनेश गुप्ता राकेश अग्रवाल, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडे, नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी, सचिन अग्रवाल, शशिधर पांडे, देवेश वर्मा, मुकेश बारी, सरपंच, लखनपुर थाना के स्टाफ मौजूद रहे।

# अब नई धाराओं के तहत दर्ज होगा अपराध



**सीतापुर।** संविधान में दर्ज अंग्रेजों के जमाने की पुरानी धाराएं अब बदल गई है। एक जुलाई से नवीन कानून संहिता की धाराओं के तहत थाने में अपराध दर्ज किए जाएंगे। इस संबंध में जागरूक करने थाना परिसर में जनप्रतिनिधि एवं आम लोगों की बैठक आयोजित की गई। जागरूकता अभियान के तहत नवीन कानून संहिता में ई-एफआईआर एवं जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी दी गई। अब कोई भी व्यक्ति ईमेल व्हाट्सएप आदि के जरिये थाने में एफआईआर दर्ज करा सकते है। शिकायत दर्ज कराने के तीन दिन के अंदर थाने आकर रिपोर्ट की पुष्टि करनी होगी। इसके अलावा घटना से सम्बंध में संबंधित थाना के अलावा प्रार्थी दूसरे थाना में भी सूचना दर्ज करा सकता है। जहां जीरो एफआईआर के तहत अपराध दर्ज कर सम्बंधित थाने को भेजा जायेगा। इसके अलावा सड़क दुर्घटना को लेकर भी जागरूक किया गया। बताया गया कि सफर के दौरान अगर सड़क दुर्घटना हो गई तो तब वाहन चालक को इस संबंध में संबंधित थाने को इसकी सूचना देनी होगी। किसी कारणवश अगर वो संबंधित थाने में जानकारी नहीं दे पाता है तब उसे आगे के थाने में या एसडीएम कार्यालय में सूचना देकर पावती लेनी होगी ताकि पीड़ित पक्ष को बीमा आदि का लाभ मिल सके। इस अवसर पर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी प्रदीप जॉन लकड़ा, उपनिरीक्षक आरसी रॉय, सउनि शिवचरण राम साहू समेत जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

**न्यायालय, श्रीमान् सिविल जज, सीनियर डिवीजन I, गढ़वा।**
**ओरजिनल सूट (बटवारा वाद) सं.-101/2023**

बचरू पाण्डेय उर्फ दीनबंधु पाण्डेय पिता स्व. ऋषिकेश पाण्डेय उर्फ हरिकेश पाण्डेय, सभी निवासी ग्राम+पोस्ट-लातदाग, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा।
----------आवेदक।

**बनाम्**

(1) गुड्डी देवी पति अशोक तिवारी, पिता स्व. सुनील कुमार दूबे उर्फ विजय दूबे, निवासी ग्राम-डोमहत, पोस्ट +थाना-चन्दोरा, जिला-सरगुजा, छ.गा.।
---------प्रतिवादीगण।

इस नोटिश के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बचरू पाण्डेय उर्फ दीनबंधु पाण्डेय ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में ओरिजनल सूट (बटवारा बाद) 101/2023 दायर किया है जो अपकी उपस्थिति हेतु लंबित चला आ रहा है। इसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

इसे सख्त ताकीद जाने।

आज दिनाक 26/06/2024 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत।

**सिविल जज (सीनियर डिविजन)-I गढ़वा।**

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह DNB (Internal), DNB (Gastro)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल अहलूवालिया MS, MCH (Neurosurgeon)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू MD, DM (Nephrology)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी M.D., DM (CARDIOLOGIST)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज प्रसाद MS, MCH (Neurosurgery)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
30 जून 2024 दिन रविवार
छग के विख्यात पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूण अययर MBBS, MD, DM Gastroenterology
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 EMERGENCY SERVICE
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
KRTC.CO.IN
ACCREDITED WITH GRADE B+ NAAC
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA, BCA, BSC BIO, BSC MATH, BSC COMPUTER SCIENCE, MCOM, MSW, MSC BOTANY, MSC ZOOLOGY
BCOM, BBA, BA, PGDBM, PGDCA, MSC MATH, MSC CS, MSC IT, MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें: पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

# नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं प्रकरणों के निराकरण हेतु समय निर्धारित



**बलरामपुर।** आज से लागू हुए तीन नए कानून को लेकर आज जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बलरामपुर पुलिस विभाग द्वारा किया गया। विधायक सामरी श्रीमती उदेश्वरी पैकरा ने कहा कि तीन नए कानून की आवश्यकता बहुत पहले से थी, कानून में बदलाव करने से आम लोगों को सहूलियत एवं अपराधियों को समय सीमा में कड़े दंड का प्रावधान है। तीनो नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को महत्व दिया गया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को लागू किया गया है।

- जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रदान की गई जानकारी, विधायक, कलेक्टर, एसपी हुए शामिल

सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थी इसकी जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में 531 धाराएं होंगी। इसमें 177 धाराओं में बदलाव किया गया है। 9 नयी धारायें जोड़ी गई है, 39 नए सबसेक्शन जोड़े गये है, 44 नए प्रोवीजन और स्पष्टीकरण जोड़े गये है, 35 सेक्शन में टाइमलाइन जोड़ी गई है और 14 धाराओं को निरस्त कर हटाया गया है। उन्होंने बताया की प्रकरणों के निराकरण के लिए नए कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर आपराधिक मामलों में तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया गया कि नयी भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के अनुसार विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के विरोध में होने वाले अपराधों को कम करने के लिए कई नियम बनाए गए है। महिला अपराधी की विवेचना महिला पुलिसकर्मी द्वारा की जाएगी। कलेक्टर आर एक्का ने बताया कि नवीन आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिले के सभी अनुविभागों के थाना क्षेत्र में उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसील स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ.आर.के. साहू MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श डॉ अनिल कुमार यादव एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ रोशन लाल वर्मा MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वांस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हासिपटल, रायपुर
डॉ.दीपक अग्रवाल
हड्डी रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनाँक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

## खबर संक्षेप



### जयनगर कन्या स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

**बिश्रामपुर।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ,यहाँ मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन, राम भानुप्रताप चंद्राकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मनोज मंडल बी आर सी, सुदर्शन राजवाड़े बी आर पी की उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना व माल्यार्पण से किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था के शिक्षकों के द्वारा बैच लगाकर व पुष्पगुच्छ से किया गया। यहाँ पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर व मिठाई खिला कर उनका स्वागत करते हुए शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान उत्सव में उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों के द्वारा बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक भी प्रदान किया गया।इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन के रूप में शाला में स्वागत करते हुए प्रतिदिन स्कूल आने व पढ़ाई करने का संदेश दिए तथा अभिभावकों को प्रतिदिन स्कूल भेजने व स्कूल की गतिविधियों में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों व जिला शिक्षा अधिकारी ने स्मृति स्वरूप शाला प्रांगण में फलदार पौधे लगाकर बच्चों को पर्यावरण जागरूकता हेतु संदेश दिया गया। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य जयनगर शिक्षा एवम जयनगर आजाक श्रीमती सफियाना खलखो, श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ संकुल समन्वयक नेल्सन बेक,संजय मिश्रा,गौरीशंकर पांडे, प्रधानपाठक महेश दोहरे,सीमांचल त्रिपाठी,गौतम शर्मा, श्रीमती मैना वर्मा, श्रीमती संगीता विश्वास,राजेश अग्रवाल अलख शिक्षा मंच, शिक्षक परमेश्वर राम, श्रीमती पूर्णिमा भगत तथा बच्चों के अभिभावकगण उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव को सफल बनाने में शाला के प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा व शिक्षक श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती रीता देवी, सुश्री गरिमा श्रीवास एवं लौकेश कुमार साहू का योगदान रहा।

### सेवानिवृत्ति पर नगर निरीक्षक को दी गई विदाई



**धौरपुर।** पुलिस थाना अमें पदस्थ नगर निरीक्षक कैलाश मिर्रे के सेवानिवृत होने पर रविवार को भावभीनी विदाई दी गई। थाना परिसर में एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी ने शाल एवं श्रीफल देकर श्री मिर्रे को सम्मानित किया एवं उनके सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। थाना में पदस्थ पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित क्षेत्रवासियों ने उनके कार्यो की प्रशंसा की तथा खुशी जीवन की कामना की। टीआई कैलाश मिर्रे की पदस्थ 6 माह पूर्व ही स्थानीय थाने में हुई थी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही श्री मिर्रे काफी सक्रिय रहे। स्थानीय थाने में उनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा और उन्होंने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए हर संभव कोशिश की। उपस्थित लोगों ने उनके काम करने के तरीके एवं पुलिसिंग की जमकर सराहना की। इस दौरान थाना स्टाफ के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### कम्पनी प्रबंधन की लापरवाही से अमेरा स्थित डीओ होल्डरों को हो रही परेशानी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान से कोयला के दिए गए ऑक्शन होने के बाद भी पर्याप्त कोयला डीओ होल्डरों को नहीं मिल पाने से भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है।इसके विपरीत निर्धारित समय पर कोयला का उठाव नहीं होने पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा डीओ होल्डरों से पेनाल्टी शुल्क की वसूली की जाती है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खदान में शनिवार को बूम बेरियर में तकनीकी खराबी व रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की वजह से डीओ होल्डरों को दिए जाने वाले ऑक्शन के कोयला का उठाव नहीं हो सका है।गौरतलब है कि निर्धारित समय पर डीओ होल्डरों द्वारा कोयले का उठाव नहीं करा पाने पर प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय के बाद 520 रुपए प्रति टन के हिसाब से पेनाल्टी वसूली की जाती है, जिससे डीओ होल्डरों को बेवजह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ जाता है। अमेरा खदान में शनिवार को जी 6 की गाड़ी को खदान में अंदर नहीं जाने दिया गया है और रविवार को करीब आधा दर्जन जी 6 ग्रेड का कोयला लोड करने की गाड़ी खदान के अंदर प्रवेश कर पाई। ऐसी स्थिति में कम्पनी प्रबंधन की मनमानी की वजह से निर्धारित समय पर कोयला उठाव पूर्ण करने का तनाव डीओ होल्डर झेल रहे हैं। इस संबंध में अमेरा सहक्षेत्र प्रबंधक एमके चौधरी ने बताया कि अगर प्रबंधन की चूक की वजह से डीओ होल्डरों को कोयला निर्धारित समय में उठाव नहीं कराया जा सकेगा तो प्रबंधन द्वारा डीओ होल्डरों को और समय देते हुए पेनाल्टी में छूट दी जाती है। डीओ होल्डरों द्वारा अगर अपनी लापरवाही की वजह से ऑक्शन किए गए कोयले का उठाव नहीं किया जाएगा तो उसका जिम्मेदार प्रबंधन नहीं है।

### स्वास्थ्य गंभीर होने के कारण परिजन करा रहे 5 महीने से उपचार

# दवा लेने पहुंची पीड़िता का झोलाछाप चिकित्सक ने कर दिया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन की सख्ती के बावजूद दूरस्थ क्षेत्रों में झोलाछाप चिकित्सकों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। बवासीर से पीड़ित एक महिला झोलाछाप चिकित्सक की दुकान में दर्द से राहत के लिए दवा लेने गई तो चिकित्सक ने बहला-फुसलाकर उसका ऑपरेशन कर दिया। झोलाछाप चिकित्सक के ऑपरेशन से महिला की तबीयत बिगड़ गई। नीम हकीम के ऑपरेशन से महिला की जान पर बन आई। लगातार पांच महीने के ईलाज के बाद महिला घर पहुंची तो झोलाछाप चिकित्सक की कारस्तानी की जानकारी प्रशासन को मिली।

**खास बातें**
- सूचना पर जागा स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल स्टोर को किया सील
- नीम हकीम हुआ फरार

सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में झोलाछाप नीम हकीम जमकर मनमानी कर रहे हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिलान्तर्गत दूरस्थ रघुनाथ नगर अंतर्गत ग्राम हरिगवां निवासी सावित्री साहू पति लालचंद साहू (45वर्ष) बवासीर से पीड़ित थी। छह माह पूर्व महिला को पीड़ा होने लगी तो वह पति के साथ ग्राम केनवारी स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर पहुंची एवं दर्द निवारक दवा की मांग की। दुकान संचालक राजू गुप्ता ने बेहद कम खर्च में बवासीर का ऑपरेशन कर हमेंशा के लिए इससे मुक्ति दिलाने का भरोसा देकर दूसरे दिन बुलाया एवं बेहोशी की दवा दिए बिना दुकान के पिछले हिस्से में बेरहमीपूर्वक उसके बवासीर का ऑपरेशन कर दिया। नर्स एवं आवश्यक संसाधन के बिना नीम हकीम के ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव एवं असहनीय पीड़ा से पीड़िता घंटों कराहती रही। ऑपरेशन के बाद चिकित्सक ने उसे तत्काल घर भेज दिया। वह प्रतिदिन पीड़िता को अपनी दुकान में बुलाता एवं सूई लगाकर घर भेज देता। एक महीने के इलाज से पीड़िता के स्वास्थ्य में सुधार आने के बजाय उसकी तबीयत बिगड़ गई तो परिजन उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वापस घर लौटने पर दोबारा तबीयत बिगड़ी तो परिजन ने संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में महीनों उसका उपचार कराया। एक सप्ताह पूर्व पीड़िता स्वस्थ होकर घर पहुंची तो झोलाछाप चिकित्सक की मनमानी सोशल मीडिया पर वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ।



पीड़ित महिला।



जांच रिपोर्ट दिखाता पीड़िता का पति।

**बीएमओ ने किया दुकान को सील**

घटना की सूचना पर रविवार को बीएमओ ग्राम केनवारी स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर पहुंचे तो संचालक दुकान बंद कर फरार हो गया था। बीएमओ ने मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। बीएमओ डॉ.गुप्ता ने ग्राम हरिगवां पहुंचकर पीड़िता व उसके पति का बयान दर्ज किया है। पीड़िता के पति लालचंद ने बताया कि लगातार पांच महीने तक उपचार कराने के बावजूद अभी भी पीड़िता बिस्तर से नहीं उठ पा रही है। पांच महीने तक पीड़िता का उपचार कराने में पांच लाख से अधिक राशि खर्च हो चुकी है। परिजन आरोपी झोलाछाप चिकित्सक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

**की जा रही कार्रवाई**

झोलाछाप चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए टीम गठित की गई है। बीएमओ ने आरोपी के मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

-डॉ.बसंत सिंह
सीएमएचओ, बलरामपुर

## मॉर्निंग वॉक पर निकले दो साथी छात्र घंटों बाद नहीं लौटे घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





- परिजन की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अपहरण का मामला किया दर्ज
- दोनों बालक माइनर्स कॉलोनी समीप के हैं निवासी, कॉलोनी क्षेत्र में डर का माहौल

दो साथी बालकों के मार्निंग वॉक के नाम पर निकलने उपरांत रहस्यमय ढंग से गायब होने से क्षेत्र में डर का माहौल निर्मित हो गया है। बच्चों के परिजन द्वारा मामले की शिकायत थाना में दर्ज कराकर बालकों की तलाश शुरू कर दी है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 माइनस झुग्गी बस्ती स्वामी विवेकानंद स्कूल के समीप निवासरत नरेश गुप्ता का पुत्र 15 वर्षीय रोहित गुप्ता सोमवार की सुबह तड़के करीब साढ़े चार बजे प्रतिदिन की भांति अपने साथी मित्र माइनस कालोनी क्वार्टर नंबर 304 निवासी फर्नीचर मिस्त्री संतोष राणा के 14 वर्षीय पुत्र सौरभ राणा के साथ घर से स्टेडियम जाने की बात कहकर निकला था।

कई घंटे गुजरने बाद भी जब दोनों साथी बालक वापस घर नहीं लौटे तब परिजन द्वारा उन दोनों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गईहै, बताया जा रहा है कि दोनों साथी स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम में एक साथ कक्षा आठवीं की पढ़ाई करते हैं। दोनों साथी के अचानक रहस्यमय ढंग से गायब होने की सूचना पर नगर में डर का माहौल निर्मित हो गया है। दोनों बच्चों के परिजन का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। दोनों बच्चों के परिजन का कहना है कि अपने सभी परिचित व रिश्तेदारों के अलावा खदान क्वारी व अन्य संदिग्ध स्थानों पर तलाशी कर ली है लेकिन देर शाम तक दोनों बच्चों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मामले में किसी अनहोनी को लेकर परिजन काफी चिंतित हैं। परिजन का कहना है कि दोनों साथी मित्र हमेशा एक साथ ही रहते थे और दोनों में काफी घनिष्ठता थी। अचानक रहस्यमय ढंग से गायब होने से चिंता की लकीरें परिजन के माथे पर झलकने लगी हैं। परिजन की सूचना पर पुलिस ने अपहरण का अपराध दर्ज करते हुए दोनों बच्चों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### व्यवसायी के वाहन में रखे पैसों से भरे बैग को अज्ञात बदमाश ने किया पार

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर चौक के पास सोमवार की सुबह एक आटो मोबाइल कारोबारी उठाईगिरी का शिकार हो गया। घात लगाए अज्ञात बदमाश ने व्यवसायी के पिकअप में रखे हुए बैग से तीस हजार रुपये निकाल कर भाग निकला।कुछ देर बाद व्यवसायी व उसका भाई पिकअप के पास पहुंचा तो वारदात का पता चला।घटना सोमवार एक जुलाई दोपहर साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि कोरबा निवासी आटो मोबाइल के स्क्रैप का कारोबारी धीरज अग्रवाल अपने भाई नीरज के साथ स्क्रैप मेटेरियल लेने बिश्रामपुर क्षेत्र आया हुआ था ,यहां वह रेलवे स्टेशन स्थित मित्तल ऑटो मोबाइल के बाहर अपनी पिक अप खड़ी कर स्क्रैप लोड करवा रहा था ।इस दौरान दोनों भाई लोडिंग में व्यस्त थे तभी उनके पिकअप वाहन में चालक के सीट के पास रखा बैग अज्ञात व्यक्ति निकाल भाग खड़ा हुआ।कुछ देर बाद दोनो भाई जब पिकअप में बैठने के लिए पहुंचे तो बैग मौके से गायब था जिसके बाद हो हंगामा मचने के बाद आसपास सीसी टीवी खंगाला गया जिसमे एक युवक पिकअप वाहन से बैग निकालते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है। समाचार लिखे जाने तक मामले की रिपोर्ट थाना में नहीं लिखाई जा सकी है।

- सोमवार को रेल्वे स्टेशन चौक स्थित दिनदहाड़े हुई तीस हजार की उठाईगिरी

### विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक बने रितिक सिंह

**बलरामपुर।** कवर्धा में आयोजित अभाविप की प्रांतीय अभ्यास वर्ग में प्रदेश के कार्यकारणी की घोषणा की गई। इस दौरान बलरामपुर जिले के जिला संयोजक के रूप में रितिक सिंह को नियुक्त किया गया है।



रितिक पांचवी बार जिला संयोजक बने है, वे लगातार जिले की शिक्षा संबंधी समस्याओं को सुधारने के लिए आवाज उठाते रहते है व सभी छात्रों के लिए वह सक्रिय रूप से हमेशा उपस्थित रहते है। रितिक के पांचवी बार जिला संयोजक बनने पर विद्यार्थियों व जिले भर के परिषद के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

## स्वच्छता पखवाड़ा में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 16 जून से 30 जून तक के अंतर्गत दिनांक 28 जून को डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें कक्षा छठवीं से आठवीं, कक्षा नवमीं और दसवीं, कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं इन तीन समूह में आयोजित उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी बच्चों को दिया गया।चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आठवीं समूह के अंतर्गत प्रथम आयुषी कंगाली व द्वितीय पलक रौतेला, कक्षा नवमी तथा दसवीं समूह के अंतर्गत प्रथम शांभवी यादव एवं द्वितीय आरुषि सिंह, कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं समूह के अंतर्गत प्रथम राशि विश्वकर्मा व द्वितीय आस्था सिंह, तथा निबंध प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आठवीं समूह के अंतर्गत प्रथम रिशिता कुर्रे एवं द्वितीय स्थान अदिति खाखा ने प्राप्त किया, कक्षा नवमी से दसवीं समूह के अंतर्गत प्रथम अरीना रुखसार व द्वितीय सौम्या यादव, कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं समूह के अंतर्गत प्रथम मैथिली मिश्रा व द्वितीय आस्था सिंह रही। उक्त प्रतियोगिताओं के निर्णायकों प्रतियोगिताओं वरिष्ठ शिक्षिका शोभा नामदेव, रूबी कुर्रे, एन एम पटेल व नमिता गार्गी को सम्मानित किया गया।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य एच के पाठक व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की है। उन्होंने कहा कि हार जीत की परवाह किए बिना किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना बड़ी बात होती है।




## बैंक के सामने शेड नहीं होने से बढ़ी किसानों की परेशानी

**कुसमी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने शेड निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के किसानों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने बारिश में हो रही परेशानी को लेकर शेड निर्माण कराए जाने की मांग की है।



जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के सामने शेड नहीं होने से बैंक आने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विकासखंड क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं किसानों के खाता इस बैंक में होने के कारण हर रोज किसी न किसी काम के सिलसिले में बैंक आना पड़ता है। ऐसे में बैंक के सामने लोगों की भारी भीड़ होती है। लेकिन बैंक के सामने शेड निर्माण नहीं होने से गर्मी के समय धूप से जबकि वर्तमान में बारिश होने पर लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो बैंक आए ग्रामीण बारिश में भीगते हुए नजर आते है।

इस संबंध में बैंक प्रबंधक जगदीश राम ने बताया कि वास्तव में क्षेत्र के अधिकांश लोग इस बैंक का खाताधारक है। प्रतिदिन बैंक के समय में लेनदेन सहित अन्य कार्य से बड़ी संख्या में किसान सहित अन्य लोगों का आना जाना होता होता है। विकासखंड के खाताधारकों के बैंक आने के दौरान गर्मी दिनों में धूप तो वर्तमान में बारिश होने के दौरान बाहर खड़ा रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हमारे बैंक में ऐसा किसी भी प्रकार शेड निर्माण निर्माण हेतु किसी भी प्रकार से राशि खर्च करने का प्रावधान नहीं है। अगर प्रावधान होता हो बहुत पहले से ही बैंक के सामने शेड का निर्माण कर देते।

### पिता से साथ सो रहे बालक को सांप ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** ओड़गी थाना अंतर्गत ग्राम धनसेढ़ी निवासी शिवम जयसवारे आ. विजय शंकर (8 वर्ष) 28 की रात पिता के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान तड़के लगभग 3 बजे बालक शरीर में दर्द होने की शिकायत की। परिजन जब लाइट जलाकर देखा तो सांप बाहर जा रहा था। बालक को सांप के काट लेने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## घर पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य

**पोड़ीमोड़।** ग्राम सरहरी में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब झमाझम बारिश के दौरान एक ग्रामीण के घर पर विशाल आम पेड़ गिया। गनीमत था कि घर में कोई नहीं था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। क्षेत्र पीछले कुछ दिनों क्षेत्र में झमाझम बारिश हो रही है। इसी बीच ग्राम सरहरी निवासी शिवबरन सोनपाकर के घर के बगल स्थित आम का विशाल पेड़ घर पर गिर गया। पेड़ गिरने से पूर्व ही घर के लोग सुरक्षित स्थान पर चले गए थे जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि पेड़ के नीचे दो मवेशी बंधे हुए थे जो पेड़ गिरने की आवाज सुन रस्सी को तोड़ कर भाग गए जिससे मवेशी की जान बच गई। गावं के ही मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि गांव में कई ऐसे पुराने पेड़ है जो कभी भी गिर सकते है। ऐसे में समय रहते पेड़ को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



# सड़क का निर्माण पूर्ण लेकिन नाली निर्माण अधूरा, सड़क पर जमा हो रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- लोगों में आक्रोश, एनएच ने भेजा शासन को पौने दो करोड़ का प्रस्ताव

एनएच 130 पर सड़क निर्माण के बाद भी नाली निर्माण पूर्ण नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सड़क पर पानी जमा होने से गंदे पानी और बदबू से लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में लोग नाली निर्माण की मांग कर रहे है। इधर एनएच विभाग ने नाली निर्माण के लिए पौने करोड़ रुपए की स्वीकृति का प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजा है। राशि स्वीकृत होने की स्थिति में विभाग द्वारा निर्माण का जिम्मा नगर पंचायत को देने पर विचार किया जा रहा है ताकि नगर पंचायत लोगों की सुविधाओं के अनुसार नाली का निर्माण कर सके। बता दें कि एनएच 130 पर लखनपुर में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 2 किलोमीटर नाली का निर्माण नहीं किया गया है। सड़क निर्माण के दौरान पूर्व में फोर लेन, 2 लेन का मामला विवाद में फंसा फिर नागरिकों द्वारा नाली को मुख्य सड़क से पीछे हटाकर बनाने, सड़क के बराबर बनाने की मांग की जा रही थी। मानकों के अनुरूप नाली निर्माण नहीं होने की स्थिति में एनएच द्वारा काम को रोक दिया गया था। ऐसे में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर लोगों के घरों, सेप्टिक टैंक का पानी बह रहा है जबकि बारिश का पानी भी सड़क पर जमा हो रहा है।



ऐसे में नागरिकों द्वारा लगातार शिकायत की गई लेकिन अब तक नाली निर्माण का कार्य नहीं किया गया। अब नागरिक नाली नहीं बनने की स्थिति में आंदोलन की बात कह रहे है। इधर बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए पौने दो करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है जबकि एनएच के उच्च अधिकारी भी पूर्व में आकर वस्तु स्थिति का जायजा ले चुके है। वहीं एनएच द्वारा यह विचार किया जा रहा है कि राशि स्वीकृत होने पर निर्माण की एजेंसी नगर पंचायत को बनाया जाए। नगर पंचायत के एजेंसी बनने पर सड़क किनारे नाली का निर्माण नगर पंचायत अपने हिसाब से करेगी। इस दौरान नाली निर्माण के लिए बाधा बन रहे अतिक्रमण, पाइप लाईन, सेप्टिक टैंक को हटाने का कार्य नगर पंचायत आसानी से कर सकेगी। इसके साथ ही नगर पंचायत सड़क के बारबरी में नाली निर्माण कर सकेगी जबकि एनएच अगर नाली बनाती है तो वह अलाइनमेंट का ध्यान रखेगी और नाली सड़क से ऊंची होगी। हालांकि नाली का निर्माण नगर पंचायत करेगी या फिर एनएच यह मंत्रालय द्वारा ही तय किया जाएगा। फिलहाल एनएच द्वारा स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

नाली निर्माण के लिए उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलने पर कार्य किया जाएगा।

-नितेश तिवारी, ईई एनएच

## गंवटियापारा में नाली का साइड स्लैब क्षतिग्रस्त

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 13 गंवटियापारा मोहल्ले स्थित नाली के साइड स्लैब टूट जाने की वजह से गंदा पानी ग्रामीणों के घरों में प्रवेश कर रहा है। नाली के क्षतिग्रस्त होने से यहां के रहवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- ग्रामीणों के घरों में घुस रहा गंदा पानी

गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 13 गंवटियापारा में चौक के पास स्थित नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। नाली के क्षतिग्रस्त होने की वजह से बारिश की पानी के साथ नाली का गंदा पानी ग्रामीणों के घरों में प्रवेश कर रहा है।बदबुदार गंदा पानी के घरों में प्रवेश करने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर समय रहते ध्यान नहीं दिए जाने का खामियाजा अब बारिश के दिनों में आमजन को भुगतने विवश होना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। वार्डवासियों द्वारा संबंधित अधिकारियों से आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करके पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्मित नालियों की सफाई व मरम्मत कार्य अतिशीघ्र कराए जाने की मांग की है।



### युवक की संदिग्ध हालत में उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** बैकुंठपुर निवासी महेश कुमार (45 वर्ष) 24 जून को घर में उल्टी कर रहा था। परिजन उसे बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने युवक के कीटनाशक पीने की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736